बाबोसा आ जाता है सामने

तर्ज - कुछ गीत लबो पे सजते है

जब दिल मेरा घबराता है,
मेरा बाबा दौड़ा आता है,
बाबोसा आ जाता है सामने....

मेरे जीवन में गमो ने, जब भी डाला डेरा है,
सुख का सूरज बनके बाबा, लाया नया सवेरा है,
जो इनके भरोसे चलते है,
ये उनके अंग संग में रहते है,
बाबोसा आ जाता है सामने
मेरा बाबा आ जाता है सामने.....

स्वार्थ के संसार मे बाबोसा तेरा सहारा है,
एक नही लाखो भक्तो का जीवन तूने संवारा है,
जब चिंता कोई सताती है,
कोई राह नजर नआती है,
बाबोसा आ जाता है सामने
मेरा बाबा आ जाता है सामने.....

जिसको सच्चे दिल से " दिलबर " बाबा पे एतबार है,
घर उनके बाबा की कृपा से, खुशियों का भंडार है ।
बाबोसा नाम ये प्यारा है,
शैलू ये सबका सहारा है,
बाबोसा आ जाता है सामने
मेरा बाबा आ जाता है सामने.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25597/title/babosa-aa-jata-hai-samne

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |